भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1474
28 जुलाई, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

सीजीएचएस कल्याण केन्द्रों में शिकायत/सलाहकार समिति

1474. श्री सी. लालरोसांगा:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने सभी केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) कल्याण केंद्रों में औषधालय स्तर पर शिकायत/सलाह समिति का गठन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) इस कदम से सीजीएचएस कार्ड धारकों, स्वतंत्रता सेनानियों, पूर्व सांसदों और केंद्रीय सरकार के पेंशनभोगियों को किस प्रकार सहायता मिलेगी;
(ग) क्या उत्तर-पूर्व के सभी सीजीएचएस कल्याण केन्द्रों में शिकायत/सलाहकार समिति का गठन कर दिया गया है और यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और देश के उत्तर पूर्व क्षेत्रों में उन सीजीएचएस कल्याण केन्द्रों का ब्यौरा क्या हैं जहां इस प्रकार की कोई शिकायत/सलाहकार समिति नहीं है; और
(घ) क्या उत्तर-पूर्व में सीजीएचएस कल्याण केन्द्रों द्वारा सीजीएचएस लाभार्थियों की जानकारी के लिए स्वास्थ्य केन्द्र ने परिसर में अपने नोटिस बोर्ड पर शिकायत/सलाहकार समिति की बैठक के कार्यवृत्त को इसकी वेबसाइट के साथ अभी तक नहीं डाला है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसे सुगम बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (घ): सीजीएचएस प्रणाली के भीतर स्वास्थ्य परिचर्या सेवाओं की निर्बाध प्रदायगी और शिकायतों के शीघ्र निवारण की सुविधा के उद्देश्य से, प्रत्येक सीजीएचएस आरोग्य केंद्र और अपर निदेशक स्तर पर स्थानीय सलाहकार समितियां (एलएसी) और क्षेत्रीय सलाहकार समितियां (जेडएसी) का गठन किया गया है।

समितियों की बैठकें महीनें में एक बार होती हैं और सीजीएचएस आरोग्य केंद्रों के प्रभावी संचालन, प्रतिपूर्ति दावों को सुव्यवस्थित करने, पैनल में शामिल केमिस्टों, अस्पतालों और नैदानिक केंद्रों की सेवाओं का मूल्यांकन करने और शिकायतों का समाधान करने की दिशा में काम करती हैं।

इन बैठकों के कार्यवृत्त संबंधित आरोग्य केंद्रों के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किए जाते हैं। सभी सीजीएचएस कल्याण केंद्रों की सलाहकार समितियों की संरचना का विवरण सीजीएचएस की वेबसाइट यानि www.cghs.gov.in पर सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है। संबंधित आरोग्य केंद्रों में डिस्पले लगाए जाते हैं।

*****